कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

सन्मार्ग संवाददाता

कोलकाता : कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न पृष्ठभूमियों से उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं का सम्मान किया। कॉमर्स के अध्यक्ष हरि शंकर हलवासिया ने इस अवसर के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हम उन महिलाओं के उल्लेखनीय दृढ़ संकल्प और लचीलेपन को श्रद्धांजलि देते हैं जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनकी कहानियाँ प्रेरणा का काम करती हैं। कलकत्ता विश्वविद्यालय के बिजनेस मैनेजमेंट विभाग में प्रोफेसर शर्मिष्ठा बनर्जी ने कहा कि कॉमर्स और कलकत्ता चेंबर ऑफ लेडीज फोरम को हार्दिक धन्यवाद। बीरभूम के कांथा कढ़ाई कलाकार तज़किरा बेगम, दमदम स्कूल की शिक्षिका कांता चक्रवर्ती, स्वप्नोपुरन सुंदरबन संस्थापक और सचिव शिक्षक सतरूपा मजूमदार, ऑटो ड्राइवर डॉली गुरुंग, को सम्मानित किया। कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य को आगे बढ़ाता है।